ME 914

SSLC MODEL EXAMINATION, JANUARY-2022

HINDI

Third Language

Time :1 ½ Hours **Total Score :40**

<u>निर्देश</u>

- पहले बीस मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें , मनपसंद प्रश्नों का चयन करें और तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें |
- सूचनाऐं ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें |
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें |
- 1 से 19 तक के प्रश्नों केलिए अधिकतम अंक 40 है |

सूचना: 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें |

पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने केलिए दोनों दुकान पर पहुँचे।
"एक पैन स्याही भर दो।" साहिल से पहले ही बेला ने दुकानवाले से कहा।
"बेटा स्याही की बोतल अभी-अभी खाली होगई है। अब तो कल ही मिल पाएगी।"
"लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उसे भी
ज़मीन पर छिड़क दिया।" बेला बोली।

1.पेन में स्याही भरने केलिए दोनों बच्चे कहाँ पहुंचे ? **(1)**

2.दुकानदार ने बच्चों को क्या जवाब दिया ? **(2)**

3.दूकान से स्कूल पहुँचने तक बेला और साहिल के बीच हुई संभावित **वार्तालाप** कल्पना करके लिखिए | [कम से कम चार विनिमय] **(4)**

OR

प्रसंग के आधार पर एक **पटकथा का दृश्य** लिखिए

सूचना:' टूटा पहिया' पाठ का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें |

मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले !

4.कविता से वह शब्द चुनिए जिसका अर्थ 'अचानक' हो | **(1)**

5. 'टूटा पहिया' - इसमें **विशेषण** शब्द कौन सा है ? **(1)**

6.इन पंक्तियों द्वारा कवि क्या बताना चाहते हैं ? **(4)**

OR

सही मिलान करें

अभिमन्यु	असत्य का साथ देनेवाला
टूटा पहिया	अधर्म का विरोधी
चक्रव्यूह	साधारण मानव
बड़े-बड़े महारथी	जीवन की समस्याएँ

सूचना: 'आई ऍम कलाम के बहाने' पाठ का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें |

मैं स्कूल की नीली-खाकी यूनीफॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता और उसे पहनना हमेशा टाला करता। वहीं मोरपाल मुझे जब भी दिखा, हमेशा वही स्कूल की यूनीफ़ॉर्म पहने ही दिखा। एक बार तो मुझे याद है कि मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली-खाकी स्कूल यूनीफ़ॉर्म पहने देख मैं हैरान रह गया था।

7.सही प्रस्ताव चुनकर लिखिए **(1)**

- लेखक यूनिफार्म पहनना पसंद करते थे
- लेखक यूनिफार्म पहनना पसंद नहीं करते थे
- लेखक रंगीन कपड़ा पहनना पसंद नहीं करते थे

8. मोरपाल को देखकर कौन हैरान रह गया और क्यों ? **(2)**

9. मोहल्ले की शादी में भी मोरपाल स्कूल यूनिफार्म पहनकर आया था | इस आधार पर मोरपाल की **चरित्रगत विशेषताओं** पर प्रकाश डालिए **(4)**

OR

आई ऍम कलाम के बहाने पाठ पढ़कर आपको अपना पुराना दोस्त याद आया | दोस्ती से सम्बंधित बातों को बताते हुए उस मित्र के नाम एक **पत्र** लिखिए |

सूचना: 'सबसे बड़ा शो मैन' पाठ का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें |

चार्ली को वह अक्सर अपने साथ थिएटर ले जाती थी। उस दिन भी परदे के पीछे खड़ा वहआवाज़ के तमाशे को देख रहा था। माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया। मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा |

10.मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद क्यों करने लगा ? **(1)**

11. मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा (मैनेजर शब्द के बदले माँ शब्द का प्रयोग करके वाक्य का **पुनर्लेखन** करें) **(1)**

12.वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें |

(अंत में ,स्टेज पर) **(2)**



13.माँ और मैनेजर के बीच हुई **वार्तालाप** कल्पना करके लिखिए | **(4)**

OR

चार्ली की उस दिन की **डायरी** कल्पना करके लिखिए |

सूचना: 'अकाल और उसके बाद' पाठ का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें |

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ।

14.'चूल्हे का रोना और चक्की का उदास होना' - इसका मतलब क्या है ? **(1)**

15. 'उनके' में निहित सर्वनाम कौन सा है ? **(1)**

16.कविता केलिए एक **आस्वादन टिप्पणी** लिखिए | **(4)**

OR

बंगाल में हुई अकाल से सम्बंधित समाचार वहां के एक समाचार पत्र में आया | वह **रपट** कल्पना करके लिखिए |

सूचना: 'ठाकुर का कुआँ' पाठ का यह अंश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें |

"हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। ब्राह्मण-देवता आशीर्वाद देंगे, । ठाकुर लाठी मारेंगें, साहूजी एक के पाँच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे?"

17.'**कंधा देना**' -इस प्रयोग का अर्थ क्या है ? **(1)**
(पैसा देना , मदद करना , पानी देना)

18.इस अनुच्छेद में किस सामाजिक समस्या के बारे में कहा गया है ? **(1)**

19. जोखू गंगी से चुप बैठने को कहता है इसका कारण क्या होगा ?अपना विचार व्यक्त कीजिए | **(4)**

OR

जातिप्रथा के विरुद्ध एक **पोस्टर** तैयार करें |